RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 06 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 74 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## जो शिवसेना के साथ हुआ, वही एनसीपी के साथ करना चाहते हैं,

# शरद पवार का बीजेपी पर हमला

मुंबई : शरद पवार गुट बनाम अजित पवार गुट के बीच सियासी घमासान जारी है। दोनों तरफ से एक दूसरे पर जमकर बयानबाजी की जा रही है। दोनों गुटों की तरफ से आज अपनी अपनी ताकत दिखने के लिए शक्तिप्रदर्शन किया जा रहा है। एक तरफ जहां पर अजित पवार अपनी ताकत का प्रदर्शन कर जता रहे हैं कि उनकी मजबूती कितनी है। वहीं दूसरी तरफ अपने अनुभव और राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले शरद पवार ने भी मोर्चा थाम लिया है। इसी कड़ी में दोनों तरफ से जमकर बयानबाजी भी हो रही है।





अजित पवार के बाद शरद पवार ने अपने गुट के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप किसी चीज से खुश नहीं थे तो मुझसे आकर कहते, उसका हल निकालने का हम प्रयास करते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 24 साल इस पार्टी को हो गया है और इस पार्टी में शामिल कार्यकर्ता कैसे मंत्री बनता है और वो राज्य की बागडोर कैसे संभाल सकता है वो यहां पर देखने को मिला।

**पार्टी का चुनाव चिह्न हमारे पास**

एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न हमारे पास है, वह कहीं नहीं जायेगा। जो लोग और पार्टी कार्यकर्ता हमें सत्ता में लाए, वे हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा कि जिन विधायकों ने अलग होने का फैसला किया, उन्होंने हमें विश्वास में नहीं लिया। अजित पवार गुट ने किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया है।

शरद पवार ने कहा कि बीजेपी ने एनसीपी को एक भ्रष्ट पार्टी बताया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने कहा कि एनसीपी ने 70 करोड़ का स्कैम किया है। लेकिन अब ऐसी क्या जरूरत आ गई की उसी पार्टी के नेताओं को अपने साथ ले लिया। बता दें कि मुंबई के वाई.बी. चव्हाण सेंटर में हो रही शरद पवार गुट की मीटिंग रखी गई थी। पवार के इस मीटिंग में कुल में 13 विधायक और चार सांसद पहुंचे।

**अजित पवार के समर्थन में पहुंचे नेताओं के नाम:**

छगन भुजबल, हसन मुश्रिफ, नरहरि झिरवाल, संग्राम जगताप, दिलीप बनकर, सुनील टिंगरे, सुनील शेलके, बालासाहेब अजाबे, दीपक चव्हाण, दिलीप मोहिते, अनिल पाटिल, मानिक राव, दिलीप वाल्से पाटिल, अदिती तटकरे, धनंजय मुंडे, धर्मराव अत्राम, अन्ना बंसोड, नीलेश लंके, इंद्रनील नाइक, शेखर निकम, संजय शिंदे, राजू कोरमारे, बबनराव शिंदे सुनील शेलके, दत्तात्रय भरणे, संजय बंसोड़, यशवंत माने, नितिन पवार, पहुंचे।

### शरद पवार के समर्थन में पहुंचे नेताओं के नाम:

**किरण लहामाटे, अशोक पवार, रोहित पवार, राजेंद्र शिंगणे, अनिल देशमुख, बालासाहेब पाटिल, सुनील भुसारा, राजेश टोपे, चेतन टोपे, जितेंद्र आव्हाड, संदीप क्षीरसागर, जयंत पाटिल और विधायक सुमन पाटिल की जगह उनके बेटे रोहित पाटिल पहुंचे।**

### जो शिवसेना के साथ हुआ, वही एनसीपी के साथ करना चाहते हैं

**मुंबई में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि आज पूरा देश हम पर नजर रख रहा है। एनसीपी के लिए यह बैठक ऐतिहासिक है। हमें अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं के बावजूद आगे बढ़ते रहना होगा। बीजेपी पर निशाना साधते हुए एनसीपी प्रमुख ने कहा कि जो शिवसेना के साथ हुआ, वही एनसीपी के साथ करना चाहते हैं। हमें सत्ता की भूख नहीं है, हम लोगों के लिए काम करते रहेंगे।**

## दहिसर नदी पर मनपा बनाएगी दो ब्रिज

# खर्च होंगे 22 करोड़ लगेगा दो साल का समय



**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने दहिसर नदी पर दो ब्रिज बनाने का निर्णय लिया है। मनपा प्रशासन द्वारा दहिसर नदी पर बनाए जाने वाले ब्रिज से स्थानीय लोगो को आवागमन के लिए उपयोगी होगा। दहिसर नदी पर बनने वाला ब्रिज 50 मीटर लंबा होगा। मनपा ब्रिज के निर्माण पर 22 करोड़ रुपये खर्च करेगी। ब्रिज का निर्माण कार्य अगले दो साल में पूरा होने की जानकारी मनपा के ब्रिज विभाग के अधिकारियों ने दी। बता दे कि दहिसर नदी पर फिलहाल सुधीर फड़के रोड रोड ओहर ब्रिज है। यह ब्रिज दहिसर नदी पर और रुस्तमजी कॉम्प्लेक्स के पास बना हुआ है। वाहन चालकों को दहिसर के सेंट फ्रांसिस कॉलेज से दहिसर ब्रिज अथवा अन्य रास्तो से रुस्तमजी तक आने के लिए पंद्रह से बीस मिनट का लगता है। ब्रिज पर कई बार ट्रैफिक की समस्या का सामना लोगो को करना पड़ता है। ट्रैफिक की वजह से लोगो का समय भी बर्बाद होता है। दहिसर के लोग पिछले आठ से नौ सालो से दहिसर नदी पर ब्रिज बनाने की मांग कर रहे थे। मनपा प्रशासन ने इस मांग को ध्यान में रखते हुए और सेंट फ्रांसिस कॉलेज से रुस्तमजी कॉम्प्लेक्स तक की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए दहिसर नदी पर एक ब्रिज बनाने का निर्णय लिया। मनपा ब्रिज विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ब्रिज 50 मीटर लंबा और 18 मीटर चौड़ा होगा। ब्रिज के निर्माण पर 22 करोड़ रुपये खर्च होंगे । ब्रिज के निर्माण होने से दहिसर परिसर में वाहन चालकों को ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी ।

# चूनाभट्टी इलाके में बीचों बीच धंसी सड़क कई वाहन फंसे...



**मुंबई :** मुंबई के चूनाभट्टी इलाके में बुधवार सुबह सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंस गया,जिससे वहां खड़े कई वाहन फंस गए। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार, चूनाभट्टी इलाके में एक कॉलेज के पास सुबह करीब 9 बजे सड़क धंस गई। फायर ब्रिज, नगर निगम कर्मचारी और पुलिस मौके पर पहुंचे और प्रभावित सड़क के आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी। अधिकारी ने बताया कि किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन सड़क किनारे खड़े कई वाहन फंस गए हैं।

### मुंबई में बारिश के बाद IMD का अलर्ट

**मुंबई के कुछ हिस्सों में बुधवार सुबह हल्की बारिश हुई, जिसको देखते हुए भारत मौसम विभाग ने राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 4 जुलाई की रात से मुंबई के अधिकांश हिस्सों में बारिश की तीव्रता कम हो गई और 5 जुलाई सुबह शहर और उपनगरों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। मंगलवार शाम को अपडेट किए गए जिला पूवार्नुमान और चेतावनियों में, आईएमडी मुंबई ने एक ह्यऑरेंजह्ल अलर्ट जारी किया है। इसमें बुधवार को यहां कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की भविष्यवाणी की गई है।**

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : गुरुवार 06 जुलाई 2023






## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बेकाबू खालिस्तानी

खालिस्तानी चरमपंथियों ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में जिस तरह आगजनी की, उससे साफ है कि अमेरिकी प्रशासन उनके खिलाफ वैसी कठोरता नहीं बरत रहा, जैसी आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। ध्यान रहे हाल के समय में यह दूसरी बार है, जब सैन फ्रांसिस्को के भारतीय दूतावास में खालिस्तान समर्थक गुंडों ने उत्पात मचाया।

कट्टरपंथी खालिस्तान समर्थकों के प्रति जैसी नरमी अमेरिका में बरती जा रही है, वैसी ही कनाडा, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन आदि में भी। कनाडा में वोट बैंक की सस्ती और आत्मघाती राजनीति के चलते वहां की सरकार खालिस्तानियों की घृणास्पद और हिंसक गतिविधियों को कुछ ज्यादा ही निर्लज्जता के साथ शह दे रही है। इसी कारण वे कभी हिंदू मंदिरों को निशाना बनाते हैं और कभी इंदिरा गांधी के हत्यारों का सार्वजनिक रूप से महिमामंडन कर सभ्य समाज को शर्मसार करने के साथ अपनी घृणित मानसिकता का भोंडा प्रदर्शन करते हैं। उनकी हरकतें बिल्कुल जिहादियों की तरह होती जा रही हैं। इसका कारण यही है कि उन्हें पाकिस्तान का सहयोग और समर्थन मिल रहा है। कनाडा में तो पाकिस्तानी उच्चायोग का मुख्य काम ही खालिस्तानियों को खाद-पानी देना है।

खालिस्तान समर्थक कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से बौखलाए हैं। वे इस हत्या के लिए भारतीय राजनयिकों को जिम्मेदार मान रहे हैं और इसी कारण उनके खिलाफ धमकी भरे पोस्टर निकाल रहे हैं। ऐसे पोस्टर निकालकर वे हमारे राजनयिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। इसके बाद भी कनाडा सरकार चेतने से इन्कार कर रही है। वास्तव में वह अपनी हरकतों से केवल भारत से संबंध ही खराब नहीं कर रही, बल्कि अपने लिए भस्मासुर भी तैयार कर रही है। उसे यह भूलना नहीं चाहिए कि एयर इंडिया के विमान को उसके ही यहां रह रहे खालिस्तानियों ने उड़ाया था। इस आतंकी घटना में तीन सौ से अधिक लोग मारे गए थे, जिनमें कनाडा के कई नागरिक थे। यह अच्छा हुआ कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर उन्हें चेताया। कनाडा को होश में लाने के लिए भारत को और सख्त रवैया अपनाने की जरूरत है। इसके साथ ही इसकी भी आवश्यकता है कि पंजाब के सभी राजनीतिक दल और धार्मिक एवं सामाजिक संगठन खालिस्तान समर्थकों की एक सुर में भर्त्सना करें। खालिस्तान समर्थक विदेश में इसीलिए उपद्रव कर रहे हैं, ताकि पंजाब में अपने लिए कुछ समर्थन जुटा सकें। उनके इन कुत्सित इरादों पर पानी फेरने के लिए पंजाब के राजनीतिक और पंथिक संगठनों को खास तौर पर सजग रहना चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि खालिस्तान समर्थक गुंडे एक तो सिख गुरुओं के मान-सम्मान से खेल रहे हैं और दूसरे दुनिया भर में रह रहे सिखों को असहज कर रहे हैं। क्या इससे भद्दी बात और कोई हो सकती है कि वे गुरुद्वारों में सिख गुरुओं के साथ खालिस्तानी आतंकियों के फोटो इस्तेमाल करें? ऐसे निकृष्ट तत्व तो सिख हो ही नहीं सकते।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मनपा पर एसआईटी जाँच का बढ़ा दबाव

## मनपा आयुक्त ने नोडल अधिकारी बनाकर दिया कागजात सौपने का आदेश




**मुंबई :** मनपा में हुए भ्रष्टाचार को लेकर ईडी के बाद अब एसआईटी भी अपनी जांच तेज कर दी है।मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने मनपा के सह आयुक्त रमेश पवार को एसआईटी की जांच के लिए कागजात उपलब्ध कराने को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। रमेश पवार को अब मनपा के विभिन्न विभागों से एसआईटी द्वारा मांगे जाने वाले कागजातों को मुहैया कराना होगा।मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा जांच के लिए कमेटी बनाए जाने के बाद एसआईटी अब पूरी तरह अपनी हरकत में आ गई है।मनपा में हुए 12000 करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार के मामले में जांच एजेंसियों का मनपा पर दबाव

बढ़ता जा रहा है। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस के सह आयुक्त (आर्थिक अपराध शाखा ) ने मनपा को पत्र लिख कर जानकारी मांगी थी।मनपा आयुक्त ने ईडी को कागजात उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी अतिरिक्त आयुक्त पी वेलरासू को सौंपी थी। जबकि एसआईटी की जाँच में सहयोग देने के लिए सह आयुक्त रमेश पवार को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। मनपा सूत्रों के मुताबिक एसआईटी ने मनपा से 25 लाख से अधिक के जो टेंडर दिए गए हैं उनके बारे में जानकारी मांगी है। इसमें मेडिकल, कोविड सेंटर, अस्थायी हॉस्पिटल, ऑक्सिजन प्लांट, रेमडेसिवीर सहित दहिसर में भूखंड खरीदी , चार ब्रिज के निर्माण पर खर्च, तीन अस्पतालों पर हुए खर्च ,सड़कों के निर्माण पर खर्च , स्ट्रॉम वॉटर ड्रेन प्रोजेक्ट खर्च ,घनकचरा प्रोजेक्ट पर हुआ खर्च शामिल है। इसके अलावा आईटी और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए किए गए खर्च की जानकारी भी शामिल है। अधिकारी ने बताया कि मनपा में विभिन्न विभागों के 94 ब्रांच हैं। रमेश पवार टेंडर निकालने वाले अधिकारियों सहित उसे किस प्रक्रिया के तहत पास किया गया। कितने ठेकेदारों ने टेंडर भरा और कैसे उन्हें ठेका मिला इसकी पूरी जानकारी रमेश पवार पवार इकठ्ठा कर आर्थिक अपराध शाखा केसह आयुक्त पुलिस को सौंपेंगे। बता दें कि मनपा में भ्रष्टाचार के मामले में एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। मनपा आयुक्त ने इस मुद्दे पर पिछले दिनों सभी अतिरिक्त आयुक्त के साथ लंबी बैठक की थी। सोमवार को अतिरिक्त आयुक्त पी वेलारासु ने कई उपायुक्त जिसमें रमाकांत बिरादर, हर्षद काले, प्रशांत गायकवाड़ और देवीदास क्षीरसागर मनपा में बुलाए थे। वहीं कोविड सेंटर घोटाले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की मनपा अधिकारियों से पूछताछ जारी है। ईडी ने कोरोना काल में हुए खर्च की जानकारी मनपा प्रशासन से मांगी है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त ( प्रोजेक्ट ) पी वेलरासू ने छुट्टी के दिन सभी 24 वार्डों के सहायक आयुक्त और सभी मनपा अस्पतालों के डीन की आपात बैठक बुलाई थी।अधिकारियो को जांच में सहयोग करने और कागजात उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# अक्टूबर-नवंबर में होंगे मुंबई मनपा चुनाव

## उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए संकेत


### हमारी वजह से चुनाव में नहीं हो रही है देरी



**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अक्टूबर-नवंबर माह में मुंबई महानगरपालिका चुनाव हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी वजह से चुनाव में देरी नहीं हो रही है, हम भी चाहते हैं कि चुनाव हो, लेकिन उद्धव ठाकरे की पार्टी ने कई याचिकाएं दायर की है, जिसकी वजह से चुनाव में विलंब हो रहा है। एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई मनपा चुनाव कराना हमारे हाथ में नहीं हैं। हम भी चाहते हैं कि चुनाव हो। उद्धव ठाकरे की पार्टी की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई है। कोर्ट ने यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। कोर्ट जब यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश हटा लेगी, तब चुनाव होंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे बड़ा आश्चर्य होता है जब उद्धव ठाकरे सवाल पूछते हैं कि आप चुनाव क्यों नहीं करा रहे हैं? आपने पिटिशन दायर की है, उन्हें वापस ले लो तो अदालत यथा स्थिति बहाल करने का निर्णय हटा देगी। अब दोहरी बात क्यों करते हो। चुनाव कराना राज्य सरकार के हाथ में नहीं है। मैं मानता हूं कि अक्टूबर-नवंबर तक केस का फैसला आ जाएगा और चुनाव हो जाएंगे। फडणवीस ने कहा कि हम मुंबई मनपा चुनाव एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मिलकर लड़ेंगे। महाविकास आघाड़ी के बारे में उन्होंने कहा कि वे रणनीति गठबंधन करेंगे। जहां गठबंधन होने पर उन्हें नुकसान होगा, वहां वे अकेले चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि हम 150 सीटों पर जीत हासिल करेंगे। यह पूछे जाने पर कि भाजपा मुंबई मनपा चुनाव में हिंदुत्व का मुद्दे को लेकर उतरेगी? इस सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदुत्व हमारी विचारधारा है। हम विकास के नाम पर वोट मांगते हैं। पिछले चुनाव में भी हमने विकास की बात कही थी।

# मुंबई एयर पोर्ट पर 3 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त



**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ कर्मियों ने सामान में छिपाई गई लगभग 3 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा (दिरहम) बरामद की है। सीआईएसएफ ने खुद इस बात की जानकारी दी। सीआईएसएफ के मुताबिक, यात्री की पहचान पालेकर लियाकत अब्दुल्ला (भारतीय) के रूप में हुई, जिसे मुंबई से दुबई की यात्रा करनी थी। पूछताछ करने पर यात्री इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा ले जाने का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। सीआईएसएफ ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई के लिए यात्री को बरामद बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा के साथ कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया गया।




# 'शिंदे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं, बंगले में मौजूद हथियारों को तुरंत जब्त करें फडणवीस'- सामना में किया गया कटाक्ष

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में सियासी घमासान के बीच शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के जरिए एक बार फिर बीजेपी पर निशाना साधा है. इस बार सामना के संपादकीय में लिखा गया है कि महाराष्ट्र में भाजपा ने जो किया है, उससे पूरे देश में उसकी छीः थू हो रही है. अब तो सिर्फ मेहुल चोकसी, नीरव मोदी, विजय माल्या को ही अपनी पार्टी में शामिल कराकर उन्हें पद देना बाकी रह गया है. इन तीनों में से एक को पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, दूसरे को नीति आयोग और तीसरे को देश के रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त किया जाना चाहिए. क्योंकि भ्रष्टाचार, लूटमार, नैतिकता अब उनके लिए कोई मुद्दा ही नहीं रह गया है.

**'शिंदे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं'**



सामना में आगे लिखा गया, राष्ट्रवादी हमारे साथ सत्ता में शामिल हुई तो हम सरकार से बाहर हो जाएंगे, ऐसी गर्जना करने वाले घाती गुट के सभी प्रवक्ता अचानक से गायब हो गए हैं. मुख्यमंत्री की तो बोलती ही बंद हो गई है. घाती गुट के एक मंत्री, सावंतवाड़ी के दीपू केसरकर ने पंद्रह दिन पहले ही कहा था, 'अगर बगावत विफल हो जाती तो शिंदे ने अपने ही सिर पर पिस्टल चला ली होती. उस समय उनकी मानसिक अवस्था बहुत ही खराब थी, लेकिन अजित पवार के शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री की मानसिक स्थिति सूरत और गुवाहाटी से भी ज्यादा ही खराब हो गई होगी. इसलिए गृहमंत्री फडणवीस को 'वर्षा' बंगले के सभी हथियार तुरंत सरकार के पास जमा करा लेने चाहिए.

**'अब क्या करेंगे देवेंद्र फडणवीस?'**

सामना में देवेंद्र फडणवीस पर भी चुटकी ली गई है और कहा गया है कि अब वो किसे चक्की पीसने जेल भेजने वाले हैं? इसमें लिखा है- श्रीमान फडणवीस की भी स्थिति इससे अलग नहीं है. अजीत पवार, हसन मुश्रीफ, भुजबल, प्रफुल्ल पटेल, इन सभी के उनके तंबू में सम्मानपूर्वक प्रवेश करने से अब वे चक्की पीसने के लिए किसे भेजनेवाले हैं? मुलुंड के पोपटलाल, अंजलिबाई दमानिया अब क्या करें? भुजबल के विरुद्ध क्या कम अभियान चलाया था? सिंचाई घोटाले के ही गाड़ी भर सबूतों को लेकर फडणवीस बैलगाड़ी पर सवार हुए थे. उन्होंने तो जेल में नवाब मलिक के बगल वाली कोठरी इन सभी के लिए आरक्षित ही कर रखी थी. अब फडणवीस क्या करेंगे? 'सागर' बंगले पर इस मंडली के साथ कूल्हे से कूल्हा मिलाकर विभागों का बंटवारा करने की नौबत मोदी-शाह ने उन पर लाद दी. फडणवीस पहले मुख्यमंत्री थे, बाद में शिंदे के कैबिनेट में उपमुख्यमंत्री बने. अब अजीत पवार भी पांचवीं बार उपमुख्यमंत्री बन गए हैं. इस वजह से फडणवीस आधे उपमुख्यमंत्री रह गए हैं.

### शिंदे को लेकर भी कसा तंज

शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में शिंदे को लेकर भी तंज कसा गया है. इसमें लिखा है- विभाग बंटवारे की चर्चा मुख्यमंत्री के 'वर्षा' बंगले पर होनी चाहिए थी, लेकिन अजित पवार और उनका गुट पहुंचा 'सागर' पर... इसे आश्चर्य ही कहा जाएगा. मुख्यमंत्री की यह अवस्था असहज है और दिन-ब-दिन और दयनीय होती जाएगी. राष्ट्रवादी कांग्रेस और अजित पवार के कारण हमें शिवसेना छोड़नी पड़ी, ऐसी गर्जना करने वाले घाती गुट के एक मंत्री गुलाबो पाटील का राजभवन में अजित पवार के चरणों में लोटना ही बाकी रह गया था. राष्ट्रवादी के कारण शिवसेना छोड़ी, फिर उन्हीं के पैरों में लोटने वालों के उतरे चेहरों को देखकर लोग हंस रहे थे.

### चक्की पिसवाने की कही थी बात

सामना में लिखा गया है कि सिंचाई घोटाले के चलते अजित पवार को चक्की पीसने के आरोप में जेल जाना पड़ेगा, ऐसा देवेंद्र फडणवीस बार-बार बोल रहे थे, लेकिन उन्हीं अजित पवार ने फडणवीस की मौजूदगी में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली और सोमवार को यही 'चक्की पिसिंग' फडणवीस के 'सागर' बंगले में बैठकर अपने गुट के लिए विभागों का बंटवारा कर रहे थे, आश्चर्य ही है''.

## पेट्रोल बम हमला मामले का भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार



**वसई:** खिलाड़ी हार्दिक पाटिल के घर पर पेट्रोल बम हमला मामले के एक आरोपी शैलेन्द्र खोपड़े को विरार पुलिस की अपराध जांच शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है. शैलेन्द्र कुख्यात गैंगस्टर और गोल्डन गैंग लीडर चंद्रकांत खोपड़े का बेटा है। विरार के रहने वाले खिलाड़ी हार्दिक पाटिल ने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जीतकर आर्यनमैन का खिताब जीता है। वह विरार के वर्तक वार्ड स्थित स्वागत बंगले में रहते हैं। पिछले साल ४ मई की रात पवने बारा के दौरान अज्ञात आरोपियों ने पाटिल के घर पर पेट्रोल बम फेंककर हत्या करने की योजना बनाई थी. इस मामले में विरार पुलिस ने हत्या की कोशिश, साजिश रचने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था. अब तक ८ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. यह हमला आपसी विवाद में सन्नी ठाकुर ने किया था.

## मुंबई में समुद्र किनारे बोरे के अंदर मिली लड़की लाश, हाथ और पैर टूटे हुए !



**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के वर्ली इलाके में समुद्र किनारे एक लड़की का शव मिला है. यह शव एक बोरी में बंद पाया गया है. मृत लड़की के हाथ-पैर टूटे हुए हैं. मुंबई पुलिस ने इस मामले में अनजान शख्स के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. लड़की की उम्र करीब 18 से 30 साल की बताई जा रही है. इस तरह मुंबई जैसे शहर में समुद्र किनारे बोरी में एक लड़की का शव बरामद होने से एक बार फिर शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं. लोगों में दहशत फैल गई है.

वर्ली पुलिस की ओर से दी गई जानकारियों के मुताबिक लड़की का शव वर्ली सी फेस के पास एक बोरी में बंद पाया गया है. पुलिस के अंदाज के मुताबिक मृत लड़की 18 से 30 साल की है. जिस तरह से लड़की के हाथ पैर टूटे हुए हैं, उससे समझ आ रहा है कि लड़की की हत्या की गई है और सबूत मिटाने के लिए उसे यह रूप देकर बोरी में पैक कर फेंका गया है. फिलहाल पुलिस ने अनजान शख्स के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

**हत्या के बाद हाथ-पैर तोड़े गए और बोरी में लड़की का शव बंद कर फेंका गया**

पिछले कुछ वक्त से लगातार मुंबई में महिलाओं के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं. हाल ही में मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाके में सरस्वती वैद्य नाम की महिला की हत्या कर उसके लिव इन पार्टनर ने शव के कई टुकड़े कर उन्हें मिक्सर में पीस कर कूकर में उबाल कर सबूत मिटाने की कोशिश की थी. कुछ दिनों पहले मुंबई के ही एक गर्ल्स हॉस्टल में वहीं के एक वॉचमैन ने लड़की का रेप किया था. लड़की के अभिभाववकों का आरोप है कि लगातार शिकायत करने के बाद भी हॉस्टल प्रशासन ने लड़की को ऊपर के एक अलग-थलग पड़े कमरे में रखा था. लड़की हॉस्टल वार्डन से यह रिक्वेस्ट कर चुकी थी कि उसे निचली मंजिल में शिफ्ट किया जाए. लड़की ने वजह भी बताई थी, लेकिन उसे नजरअंदाज किया गया.

**मुंबई और इसके आस-पास, महिलाओं के साथ लगातार हो रही ऐसी वारदात**

इसके अलावा मुंबई से ही सटे वसई इलाके की श्रद्धा वालकर की हत्या भी दिल्ली में उसके लिव इन पार्टनर आफताब ने की. आफताब ने भी श्रद्धा के शव के टुकड़े-टुकड़े कर सबूत मिटाने की कोशिश की थी. अभी हाल में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से पनवेल जाने वाली मुंबई लोकल ट्रेन में मस्जिद बंदर के पास एक लड़की का मोलेस्टेशन किया गया. ऐसी ही एक घटना चर्नी रोड से चर्चगेट स्टेशन के दरम्यान लोकल में एक महिला के साथ हुई.

## महाराष्ट्र में लड़की को सड़क पर दिनदहाड़े दबोचा, तमाशबीन बने रहे लोग, आरोपी अरेस्ट



**मुंबई :** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में छेड़छाड़ की सनसनीखेज घटना सामने आई है। जलि के पाथर्डी तालुका के तीसगांव में एक युवक ने दिनदहाड़े सड़क पर एक लड़की से छेड़छाड़ की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस दौरान अचरज की बात यह रही कि पूरे घटनाक्रम में लड़की की मदद के लिए कोई शख्स सामने नहीं आया। छेड़छाड़ करने के बाद आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। छेड़छाड़ के वीडियो को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने ट्विटर पर शेयर किया है। उन्होंने इस युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने ट्विटर पर पुलसि को टैग करते हुए वीडियो पोस्ट कयिा है। उन्होंने लखिा है कि अहमदनगर जिले के पाथर्डी तालुका के तीसगांव शहर में सड़क पर लड़कियों से छेड़छाड़ का एक वीडियो वायरल हो रहा है। दिनदहाड़े सड़क पर लड़कियों के साथ इस तरह का उत्पीड़न लड़कियों की सुरक्षा के लिए गंभीर और चिंताजनक है। इस वीडियो पर संज्ञान लेते हुए राज्य महिला आयोग ने अहमदनगर के एसपी को तत्काल जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। वायरल वीडियो में दखि रहा है कि दो लड़कियां सड़क पर चल रही थीं। तभी एक युवक ने लड़की को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान एक लड़की बचकर भाग जाती है।

# मुंबई, पुणे में आज भारी बारिश, येलो अलर्ट जारी...



**मुंबई :** झमाझम बारिश होने के बाद पिछले 3-4 दिनों से मौसम गरमाया हुआ है। ऐसे में आज महाराष्ट्र की जनता को गर्मी से राहत मिलने वाली है। जी हां आपको बता दें कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुंबई क्षेत्रीय केंद्र ने अगले तीन दिनों के लिए मुंबई में येलो अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक अलग-अलग हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, बुधवार को मुंबई में कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में अब संभावना है कि महाराष्ट्र की जनता को गर्मी से राहत मिल सकती है।

आपको बता दें कि इसके अलावा गुरुवार को कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश और शुक्रवार को कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार से शुक्रवार यानी 5 से 7 जुलाई तक मुंबई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। पुणे में आज भारी बारिश का अनुमान है। वहीं बात करें बाकी जिलों की तो पुणे के साथ-साथ सतारा, कोल्हापुर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग जिलों को भी आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई और ठाणे में बारिश का येलो अलर्ट है मौसम विभाग ने गुरुवार को भी पुणे और सतारा में भारी बारिश की आशंका जताई है। ऐसे में अब होने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है।

# बीजेपी के खिलाफ उद्धव ठाकरे का राज्यव्यापी दौरा, विदर्भ से करेंगे शुरूआत

**मुंबई :** मोदी सरकार द्वारा लाए जाने वाले समान नागरिक कानून (यूसीसी) को उद्धव ठाकरे का समर्थन होगा हालांकि ड्राफ्ट तैयार होने तक कोई फैसला नहीं लिया जा सकता। ऐसा निर्णय उद्धव गुट के शिवसेना पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया है। राज्य में बदले राजनीतिक समीकरण के बीच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना पदाधिकारियों की बैठक हुई। मातोश्री में हुई इस बैठक में यूसीसी, एमवीए की स्थिति सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। बताया गया कि उद्धव ठाकरे ने समान नागरिक कानून का समर्थन करने का निर्णय लिया है, लेकिन बीजेपी के विरोध में वे जल्द ही महाराष्ट्र का दौरा करने वाले हैं। शिवसेना ठाकरे समूह के प्रमुख उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में मातोश्री में हुई बैठक में उनके गुट के सांसद-विधायक और उपनेता उपस्थित थे। एनसीपी



में फूट के बाद राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में ठाकरे गुट के नेताओं पर क्या असर होगा? इस संदर्भ में भी चर्चा की गई।

**रहेंगे एमवीए का हिस्सा**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में बगावत के बाद महाविकास अघाड़ी में रहेंगे या नहीं? इस संबंध में उद्धव ठाकरे ने इस बैठक में विधायकों, सांसदों और अन्य नेताओं से राय मांगी और ठाकरे गुट की ओर से फैसला लिया गया कि वे अब महाविकास अघाड़ी के साथ ही रहेंगे। इसके साथ निर्णय लिया गया कि उद्धव ठाकरे जल्द ही महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। इसकी शुरूआत विदर्भ से होगी। उद्धव ठाकरे 8 जुलाई को अमरावती और 9 जुलाई को यवतमाल दौरे पर रहेंगे। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे अपने विदर्भ दौरे के दौरान शिवसैनिकों के साथ बैठक करेंगे। देश में विपक्ष की बैठक के बाद 20 जुलाई से महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों में उद्धव ठाकरे के दौरे का कार्यक्रम तय किया जाएगा।

**राज ठाकरे पर चर्चा नहीं**

आने वाले चुनाव में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने को लेकर चल रही चर्चा पर भास्कर जाधव ने कहा कि बैठक में मनसे या राज ठाकरे को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। भास्कर जाधव ने बताया कि लोग अपने-अपने माध्यम से चर्चा के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन आज की बैठक में राज ठाकरे और मनसे पार्टी को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का भी निर्देश

आदित्य ठाकरे, संजय राउत, भास्कर जाधव, सुषमा अंधारे भी महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों का दौरा करने वाले हैं। राज्य में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए पार्टी संगठन की ताकत बढ़ाने के लिए यह दौरा अहम होगा। सभी नेताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का भी निर्देश दिया गया है। युबीटी के नेता भास्कर जाधव ने कहा कि इस दौरे में सभी जगहों पर जाकर संगठन को मजबूत करने के लिए लोगों तक पहुंचेंगे।

# डोंबिवली में बुजुर्ग से 30 लाख की धोखाधड़ी.....

## तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज




**कल्याण :** अधिक मुनाफा देने का झांसा देकर एक सेवानिवृत्त बुजुर्ग से 30 लाख की धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बुजुर्ग की शिकायत पर डोंबिवली की रामनगर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, डोंबिवली पूर्व आनंद दीप बिल्डिंग में रहने वाले रिटायर रमेश युवाप्पा शेट्टी ने इस संबंध में रामनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया है कि सुधाकर शेट्टी जनवरी 2019 में अपने दो साथियों संतोष शिवा देवाडीगा और सूरज शिवा देवाडीगा के साथ उसके घर आया। उसने कहा कि ये दोनों उल्हासनगर और नवी मुंबई वाशी रेलवे स्टेशन के बाहर कैंटीन चलाते हैं। इनको वाशी के सेक्टर 30 में वृंदावन होटल में पार्टनरशिप मिल गई है। इसके लिए इनको 20 लाख रुपए चाहिए।

**60 हजार हर माह देने का किया वादा**

यदि आप 20 लाख रुपए देंगे तो इसके बदले में आपको प्रत्येक महीने 60 हजार रुपए मिलेगा और आपकी मूल धनराशि भी 2024 तक वापस मिल जाएगी। इन ठगों के झांसे में आकर वृद्ध ने इनको 20 लाख रुपए दे दिया। इसके बाद ठगों ने होटल में सामान भरने के नाम पर 10 लाख रुपए और ले लिए। इसके बाद पैसा मांगने पर आरोपी आनाकानी करने लगे। ठगे जाने का अहसास होने पर आखिरकार बुजुर्ग ने पुलिस से शिकायत की। रमेश शेट्टी की शिकायत पर डोंबिवली रामनगर पुलिस ने सुधाकर शेट्टी, संतोष देवाडीगा और सूरज देवाडिगा के खिलाफ धोखाधड़ी करने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एकसाथ आएंगे राज ठाकरे और उद्धव?

## गठबंधन के प्रस्ताव पर मनसे नेता ने शिवसेना पर बोला हमला...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में कुछ दिन पहले हुए बड़े बदलाव से हलचल मची हुई है. इस बीच राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) का कहना है की उसने दो बार उद्धव ठाकरे को गठबंधन का प्रस्ताव दिया था. हालांकि, संदीप देशपांडे ने कहा है कि उद्धव ठाकरे गुट समूह ने मनसे के प्रस्ताव को खारिज कर दिया.

मनसे ने दो बार उद्धव ठाकरे को गठबंधन का प्रस्ताव दिया था. जिसे उद्धव ठाकरे गुट ने नहीं माना। एमसीपी नेता अजित पवार अपने कुछ विधायकों के समर्थन से एनसीपी में बगावत करके ठ्ठअ में शामिल हो गए और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली और एक बार फिर राज्य की राजनीति में बड़ा मोड़ आ गया.

**राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के एकजुट होने की चर्चा**





ऐसे में राज्य के सियासी गलियारों में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के एक हो जाने की चर्चा चल रही हैं. कुछ दिन पहले मनसे की बैठक में भी मनसे पदाधिकारियों ने यही बात उठायी और इसके पोस्टर-बैनर भी दिखाई दिए थे.

एबीपी माझा से बात करते हुए संदीप देशपांडे ने कहा, मनसे ने दो बार उद्धव ठाकरे को एकजुट होने का प्रस्ताव भेजा था, यहां तक की, ठाकरे गुट ने टठर (मनसे) के प्रस्ताव को खारिज कर दिया. साथ ही हमने हाथ भी फैलाए लेकिन ठाकरे ने ताली बजाने से इनकार कर दिया. संदीप देशपांडे ने ये भी कहा कि हम लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हैं, लेकिन इसका आखिरी फैसला राज ठाकरे लेंगे.

इससे पहले दोनों ठाकरे के एक साथ आने की चर्चा चल रही थी, चाहे वह 2017 का नगर निगम चुनाव हो या उसके बाद होने वाला विधानसभा चुनाव. जिस वक्त राज ठाकरे ने खुलेआम हाथ बढ़ाया था, उस वक्त उद्धव ठाकरे ने कोई जवाब नहीं दिया था.

# कबूतरों को दाना खिलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई



**नई मुंबई :** महाराष्ट्र में हाइपरसेंसिटिव निमोनिया और फेफड़ों की बीमारी के लगातार बढ़ते मामलों के चलते नई मुंबई महानगरपालिका ने कबूतरों को दाना खिलाने को लेकर चेतावनी दी है। नई मुंबई में इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर लगाए हैं। पोस्टर में बताया गया है कि कबूतरों के पंखों और बीट में पाए जाने वाले बैक्टीरिया से एचपी यानी हाइपरसेंसिटिव निमोनिया नामक फेफड़ों की बीमारी फैलती है। इतना ही नहीं एनएमएमसी द्वारा लगाए गए इन पोस्टरों में चेतावनी दी गई है कि कबूतरों को दाना खिलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। महानगर पालिका के आयुक्त राजेश नार्वेकर ने बताया कि ब्राजीलियन आर्काइव ऑफ बायोलॉजी एंड टेक्नोलॉजी जर्नल में एक रिसर्च पेपर के मुताबिक, कबूतर की बीट से इंसानों को ६० से ज्यादा खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं। इनमें सबसे ज्यादा फेफड़ों से संबंधित बीमरियां है, जो जानलेवा हो सकती हैं। जसलोक अस्पताल से जुड़े पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. राहुल पाहोट के अनुसार, हाइपरसेंसिटिव न्यूमोनिया के लक्षण एक्यूट या क्रॉनिक हो सकते हैं। एक्यूट के लक्षण कुछ घंटों के भीतर दिख सकते हैं और कुछ घंटों या दिनों तक बने रहते हैं, जबकि क्रॉनिक के लक्षण धीरे-धीरे विकसित हो सकते हैं। साथ ही ये समय के साथ और बदतर हो सकते हैं। यह बीमारी बच्चों को और बुजुर्गों को अपनी चपेट में तेजी से लेती है।

# स्लीपर बसों के डिजाइन का दोबारा निरीक्षण करने का अनुरोध

**मुंबई :** स्लीपर बसों से जुड़ी हालिया दुखद घटनाओं के मद्देनजर राज्य परिवहन विभाग ने ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) से इन बसों में लागू डिजाइन और सुरक्षा उपायों का गहन निरीक्षण करने का अनुरोध किया है। इन घटनाओं के परिणामस्वरूप कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। इन हादसों ने भारत में वर्तमान में चल रही स्लीपर बसों के सुरक्षा मानकों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं।



महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त विवेक एल भीमनवार ने कहा कि हमने एआरएआई से महाराष्ट्र में चलने वाली स्लीपर बसों के डिजाइन का दोबारा निरीक्षण करने का अनुरोध किया।

राज्य परिवहन विभाग का एआरएआई से अनुरोध स्लीपर बसों के डिजाइन और सुरक्षा सुविधाओं के पुनर्मूल्यांकन की तात्कालिकता को दर्शाता है। इंजीनियरिंग सेवाओं, प्रमाणन, अनुसंधान, विकास और प्रौद्योगिकी पहल में एआरएआई की विशेषज्ञता के कारण उन्हें मौजूदा स्लीपर बसों के डिजाइनों में सुधार का आकलन करने के लिए कहा गया है। उम्मीद है कि एआरएआई के पुनर्निरीक्षण से स्लीपर बसों में संभावित डिजाइन की खामियों या सुरक्षा खामियों का पता चल सकेगा और आवश्यक संशोधन सुधार का मार्ग प्रशस्त होगा। राज्य परिवहन विभाग एआरएआई के साथ मिलकर यात्री सुरक्षा बढ़ाने और भविष्य में दुर्घटनाओं को रोकने का लक्ष्य निर्धारित करता है।

एआरएआई के पुनर्निरीक्षण और उसके बाद की जानेवाली सिफारिशों का भारत में स्लीपर बसों के संचालन और डिजाइन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। फिलहाल, प्राथमिकता यात्रियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ इन बसों से जुड़े जोखिमों को कम करने की है।

स्लीपर बसें जिनमें यात्रा के दौरान यात्रियों के सोने की सुविधा होती है वे अपनी सुविधा के कारण भारत में लोकप्रिय हैं। हालांकि, विशेषज्ञों ने इन बसों से जुड़े अंतर्निहित जोखिमों की ओर इशारा किया है। खासकर दुर्घटनाओं या आपात स्थिति में बसों के भीतर आवाजाही के लिए ऊंचाई और सीमित स्थान गंभीर परिस्थितियों के दौरान यात्रियों के लिए आपातकालीन निकास तक पहुंचने में महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा करता है। सूत्र बताते हैं कि कई देशों ने स्लीपर बसों के संचालन को निलंबित कर दिया है और यहां तक कि एसी बसों के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक चीन ने भी २०१४ में इन्हें बेचना बंद कर दिया है। हालांकि, भारत में सुरक्षा चिंताओं के बावजूद विभिन्न राज्यों में स्लीपर बसों का संचालन जारी है।

# मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निलंबन को लेकर शिवसेना ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया



**मुंबई :** अजीत पवार के राष्ट्रवादी पार्टी को फोड़ने और भाजपा को समर्थन देने के पैछसले से महाराष्ट्र में बड़ा राजनीतिक उलटफेर हुआ है। इन सबके बीच अब एक बार फिर से शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्ष सक्रिय हो गया है। साथ ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निलंबन को लेकर शिवसेना ने एक बार फिर से सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

शिवसेना के विधायक सुनील प्रभु ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके साथ अन्य शिवसेना विधायकों के निलंबन को लेकर अदालत में पहले ही बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं।

# प्रफुल्ल पटेल का बड़ा खुलासा, 54 में से 51 विधायक जाना चाहते थे भाजपा के साथ



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में पड़ी फुट के बाद राज्य की गरमाई राजनीति के बीच प्रफुल्ल पटेल ने बड़ा खुलासा किया है मंगलवार को एक अखबार को दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने खुलासा किया कि अजित पवार के शिंदे -फडणवीस सरकार के समर्थन के जिस निर्णय का शरद पवार और कई नेता विरोध कर रहे है.वही साल 2022 में 54 में से 51 विधायकों ने भाजपा के साथ गठबंधन कर सरकार में शामिल होने की इच्छा जताई थी.उस समय शरद पवार ने विधायकों के इच्छा पर समय आने पर निर्णय लेने की बात कही थी ऐसे अच्छे मौके पर शरद पवार निर्णय लेने में विफल साबित हुए.राकांपा के कार्याध्यक्ष पटेल ने कहा कि अब समय आ गया है इसलिए अजित पवार के नेतृत्व में हमने भाजपा को समर्थन देने का निर्णय ले लिया है.पटेल ने कहा कि साल 2022 में राज्य की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाडी सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था इस बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 54 में से 51 विधायकों ने कहा कि अगर राज्य में एक स्थिर देने के लिए हमें भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाना चाहिए। ऐसी इच्छा व्यक्त करते हुए विधायकों ने भाजपा के साथ जाने की इच्छा जताई थी लेकिन उस समय शरद पवार ने विधायकों की इच्छा पर कहा कि भाजपा को समर्थन देने के लिए अभी सही समय नहीं है सही वक्त आने वाले निर्णय लिया जाएगा इसके चलते एकनाथ शिंदे ने मौके का फायदा उठाया और देवेन्द्र फडणवीस के साथ मिलकर सरकार बना ली। कई विधायकों को निर्वाचन क्षेत्र निधि के लिए बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था.

# मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर गड्ढे, सख्त हुए कलेक्टर

## अधिकारियों को फरमान, हाइवे पर उतरकर गड्ढे भरो...

**वसई :** मुंबई-अहमदावाद हाइवे पर हुए गडढों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। हाइवे पर हुए अतिक्रमण व गड्ढों को लेकर सोमवार को पालघर के जिलाधिकारी गोविंद वोडके ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ पालघर जिलाधिकारी कार्यालय पर अहम बैठक ली। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को जत्द से जल्द गड्ढे भरने का आदेश दिया है। साथ ही, हाइवे पर हुए अवैध तरीके से अतिक्रमण पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा हैं। मंगलवार से नैशनल हाइवे अथोरिटी ने गड्ढों को भरने का काम शुरू किया है। मुंबई-अहमदाबाद हाइवे पर वसोंवा ब्रिज से नायगांव के वापने तक पिछली वारिश से अनगिनत गड्ढे हो गए हैं, जिनकी वजह से वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को जिलधिकारी गोविंद वोडके ने पालघर जिलाधिकारी कार्यालय पर सभी विभागीय अधिकारियों के साथ हाइवे के गड्ढों व जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बैठक बुलाई । वैठक में मनपा, हाइवे पुलिस, राष्ट्रीय महामार्ग के अधिकारी, तहसीलदार, महसूल विभाग व अन्य अधिकारी मौजूद थे। वोडके ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द गड्ढे भरने का आदेश दिया है। साथ ही, हाइवे पर प्राकृतिक नालों पर अतिक्रमण काले पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है। वोडके ने वसई-विरार मनपा के अतिक्रमण विभाग को कहा है कि वारिश के दौरान हाइवे पर दो पोकलेन व एक जेसीवी 24 घंटे होनी चाहिए, ताकि जलभराव के दौरान वह काम आ सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुंबई-अहमदावाद हाइवे के दोनों तरफ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हुआ है। यहां बड़े पैमाने पर मैंग्रोज के पेड़ों को काटकर मिट्टे भरने की गई है, जिससे पाने की निकासी नहीं हो पाती। थोड़ी सी वारिश में जलभराव हो जाता है। जिलाधिकारी के आदेश के वाद मंगलवार को वसोर्वा व्रिज से लेकर ससु नवघर तक हाइवे के गड्ढे भरने का काम शुरू किया गया है।






# मप्र के युवाओं में क्षमता, प्रतिभा और टेलेंट: मुख्यमंत्री

## कौशल उन्नयन के लिए भोपाल सहित ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, इंदौर में ग्लोबल स्किल पार्क आरंभ होंगे

- मैं युवाओं के सपनों को किसी कीमत पर मरने नहीं दूँगा
- मुख्यमंत्री ने लांच की मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना
- योजना से युवाओं को काम सीखने और रोजगार का मौका मिलेगा
- व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलेगी स्किल्ड मेन पावर
- शाला में कर्मी कल्चर को समाप्त कर नियमित शिक्षा की हो रही व्यवस्था
- इस वर्ष शाला में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मिलेगी ई-स्कूटी
- मुख्यमंत्री ने राज कुशवाह का स्वयं पंजीयन कराकर किया योजना का शुभारंभ




**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं में क्षमता, ऊर्जा, प्रतिभा और टेलेंट है। उद्योगपति और व्यापारिक संस्थान इन्हें काम सिखाएंगे, तो वे उनके प्रतिष्ठान को मालामाल कर देंगे। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और युवाओं के हितों को समान रूप से ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। इससे युवाओं को काम सीखने का मौका मिलेगा और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को स्किल्ड मेनपावर की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। योजना के सफल क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश आगे बढ़ेगा। सीखो-कमाओ योजना का संक्षिप्त रूप एस.के.वाय अर्थात् स्काय मतलब आसमान है। युवा आगे आएँ, योजना से जुड़ें, आसमान में ऊँची उड़ान भरें और अपने जीवन को सफल और सार्थक बनाये। मैं युवाओं के सपनों को किसी भी कीमत पर मरने नहीं दूँगा। चिड़िया अपने बच्चों को घोसला नहीं पंख देती है, मैं आज पंख देने आया हूँ और इसीलिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री चौहान रवीन्द्र भवन में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना की लांचिंग के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आईटीआई उत्तीर्ण राज कुशवाह का स्वयं योजना के पोर्टल पर पंजीयन कराकर योजना का शुभारंभ किया।

**उद्योग समूह भी हुए शामिल**

मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश के सभी कॉलेज, स्कूल और तकनीकी शिक्षा संस्थान कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा, कौशल और रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुमीना सिंह, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुषा ठाकुर, खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### युवाओं से मेरा प्यार, दिल और आत्मीयता का नाता

मुख्यमंत्री ने युवाओं से आत्मीय संवाद में भाव-विभोर होते हुए उन्हें 'आई लव यू' कहा और कहा कि मेरे और आपके रिश्ते मुख्यमंत्री और विद्यार्थी के रिश्ते नहीं हैं, मेरा आपसे प्यार, दिल और आत्मीयता का नाता है। यह स्नेह और प्रेम का रिश्ता है। आप लोगों का बेहतर भविष्य बनाना हमारा संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश निर्माण को समर्पित हैं। उनके नेतृत्व में देश का गौरव बढ़ा है। वे सभी क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। प्रदेश के युवाओं का बेहतर भविष्य कैसे सुनिश्चित हो, इस दिशा में राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिले, इस उद्देश्य से स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कदम उठाए गए हैं। कर्मी कल्चर को समाप्त कर नियमित शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। छात्रवृत्तियों, निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें, मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप, दूसरे गाँव पढ़ने जाने वाली बालिकाओं को साइकिलें उपलब्ध कराकर बेहतर और नियमित शिक्षा की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष शालाओं में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि युवाओं को रोजगार के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास जारी हैं। स्वतंत्रता दिवस पर एक साल में एक लाख सरकारी नौकरियाँ देने की बात कही गई थी।

# यूपी-मप्र समेत 20 राज्यों में अगले 4 दिन भारी बारिश

### नेपाल के पानी से बिहार में बाढ़ का खतरा, बिजली गिरने से 3 लोगों की जान गई

**नई दिल्ली।** मानसून पूरे देश में आ चुका है। अगले चार दिन यूपी, मप्र समेत 20 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। IMD के मुताबिक, अब तक देश में सामान्य से 8 प्रतिशत कम बारिश हुई है। वहीं उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से 40व ज्यादा बारिश हुई। दक्षिण भारत में सामान्य से 43व कम हुई। मध्य भारत में 4व कम बारिश हुई। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 16व कम बारिश हुई।

दिल्ली में खराब मौसम के कारण तीन फ्लाइट्स को दिल्ली एयरपोर्ट से डायवर्ट कर दिया गया है। एक को लखनऊ और दो फ्लाइट्स को अमृतसर एयरपोर्ट भेजा गया है। उधर, बिहार में नेपाल से आने वाले पानी के चलते बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। बिहार में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं क्रमें झमाझम बारिश के बीच प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी का कुशीनगर दौरा रद्द हो गया है। क्रू 7 जुलाई को यहां आने वाले थे। इन राज्यों में तेज बारिश होगी- उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा।

# महाराष्ट्र में होटल में घुसा कंटेनर, 38 को कुचला

### 10 की मौत, ब्रेक फेल होने के बाद पहले कार को टक्कर मारी

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के धुले में भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। एक कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को तेज रफ्तार से टक्कर मारी और फिर खुद भी पलट गया। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 28 लोग जख्मी हुए हैं। यह हादसा धुले जिले के शिरपुर तालुका में हुआ है। महाराष्ट्र हाईवे पुलिस ने घटना की जानकारी दी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे, जिसके चलते यह हादसा हुआ है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रक ने पहले 4 गाड़ियों में तेज टक्कर मारी और फिर हाईवे किनारे बने एक होटल में घुस गया। इस घटना में होटल को भी नुकसान पहुंचा है। सुबह करीब 11 बजे यह हादसा धुले जिले के पालासनेर गांव के करीब हुआ। यह गांव मुंबई से 350 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि जख्मी लोगों की





हालत गंभीर है। यह हादसा तब हुआ, जब मध्य प्रदेश से धुले आ रहे ट्रक के ब्रेक फेल हो गए और ड्राइवर स्थिति को संभाल नहीं सका।

ट्रक ने पहले तो दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मारी और फिर एक कार रौंद डाला। यही नहीं पास में खड़े एक और ट्रक में पीछे टक्कर मारी, फिर रोड किनारे ही बने एक ढाबे में जा घुसा। डिप्टी एसपी प्रदीप भिवासेन ने कहा कि इस घटना में मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। अधिकारियों ने कहा कि ब्रेक फेल होने के चलते ड्राइवर संभाल नहीं पाया और कंटेनर कई गाड़ियों को टक्कर मारते हुए होटल में जा घुसा। मरने वाले लोगों में सड़क किनारे खड़ी सवारियां भी शामिल हैं, जो बस का इंतजार कर रही थीं।

# तीन दिवसीय मुरैना जिले के भ्रमण पर रहेंगे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश सह प्रभारी शिव भाटिया

**मुरैना।** जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना अध्यक्ष मधुराज तोमर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया है कि अ.भा सचिव एवं म.प्र. सह प्रभारी शिव भाटिया जी एवं मुरैना प्रभारी बालेन्दु शुक्ल जी, सह प्रभारी लतीफ खान जी एवं सह प्रभारी आर.डी सिंगल जी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी के निर्देशानुसार मुरैना जिले में समस्त विधानसभाओं का दौरा कर मंडलम, सेक्टर और बीएलए की भ्रमण कर बैठक लेने जौरा विधानसभा में दिनांक 5 जुलाई को सुबह 11 बजे हिमांशु पैलिस कैलारस एवं सबलगढ़ विधानसभा में रामहंस पैलेस मे दोपहर 3 बजे,



दिनांक 6 जुलाई को सुमावली विधानसभा में दाऊजी चौराह एम.एस रोड़ इंटर कॉलेज जौरा रोड़ सुबह 11 बजे एवं मुरैना विधानसभा में जिला कांग्रेस कार्यालय सांता बाग कॉलोनी चंबल कोठी पर दोपहर 3 बजे, दिनांक 7 जुलाई को दिमनी विधानसभा में खड़ियाहार में सुबह 11 बजे एवं अंबाह विधानसभा में व्यास वाटिका में दोपहर 3 बजे पहुंचेंगे।

अतः जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना जिले के समस्त मंडलम, सेक्टर, क्रूएवं वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों से अपील करती है कि होने वाली उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवे।

# सब्जी विक्रेताओं को पूर्व से आवंटित जमीन पर दुकानें बनाकर दी जाएं : माकपा

**कैलारस। नगर में सब्जी मंडी व्यवसायियों के लिए पूर्व से ही जगह(जमीन) आवंटित की गई है। इसके लिए लगभग 60 लाख प्रीमियम के भी कलेक्ट्रेट में जमा कराए गए हैं। उक्त स्थान पर सब्जी विक्रेताओं को दुकानें बनाकर आवंटित की जाएं। उन्हें बलपूर्वक विस्थापित नहीं किया जाए। दुकानदारों का सर्वे होकर पंजीयन शुल्क 10 हजार प्रति दुकानदार भी नगर परिषद में जमा है।**



ऐसे में दुकानदारों को न्याय मिलना चाहिए। दुकानें चाहिए। उन्हें जबरन विस्थापित नहीं किया जाए। यह उदगार पत्रकार वार्ता में जारी वक्तव्य में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अशोक तिवारी ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा है कि नगरीय प्रशासन द्वारा जबरन सभी सब्जी विक्रेताओं की लगभग एक सैकड़ा दुकाने तोड़फोड़ कर हटाई गई है। इससे पूर्व किसी तरह के कोई वैधानिक नोटिस नहीं दिए गए हैं। यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का खुला उल्लंघन है। उन्होंने इस कार्यवाही को पूर्णतः विधि विरुद्ध बताया है। माकपा के जिला सचिव महेश प्रजापति तथा नगर सचिव एवं पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने इस कार्यवाही का पुरजोर विरोध करते हुए सब्जी विक्रेताओं को पूर्व आवंटित सब्जी मंडी की जगह पर दुकानें बनाकर दी जाए। इस दिशा में प्रभावी सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने पर दुकानदार आंदोलन करेंगे। यह चेतावनी भी माकपा नेताओं ने दी है। उन्होंने दुकानदारों के विरुद्ध नगरीय प्रशासन की कार्यवाही को हिटलर शाही बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है।

# केंद्र तथा प्रदेश सरकार से लगाई रोजगार गुहार

**नथमल गुप्ता**

**सबलगढ़।** सबलगढ़ में रोजाना जैसे ही सूरज निकलता है कुछ लोगों को सुबह होते ही अपने लिए काम ढूंढने की चिंता सताती है सबलगढ़ बेनीपुरा चौराहे पर ऐसे सैकड़ों मजदूर इकट्ठे होकर काम की तलाश में निकलते हैं जिनके पास कोई नियमित कार्य नहीं है महीने भर में मुश्किल से 15 से 20 दिन काम मिल पाता है जिनमें प्रमुख रूप से बेनीपुरा क्षेत्र से सिद्धपुरा क्षेत्र, रामपुर रोड क्षेत्र से सबलगढ़ जनपद के आसपास के छोटे-छोटे गांवों से सुबह से ही मजदूर इकट्ठे होकर अपने लिए काम की तलाश मैं जुट जाते हैं कोई रेत ढोने का काम करता है कोई ईट चढ़ाता है कोई प्लास्टर का कोई कारीगरी करता है कोई पल्लेदारी करता है कोई रिक्शा चलाता है तो कोई ठेला चलाता है लेकिन इन सब की समस्या नियमित काम ना मिलने की है मजदूर सत्येंद्र शाक्य कहते हैं मुझे महीने में मुश्किल से 15 दिन काम मिल पाता है और जिससे परिवार का पालन पोषण करने में बहुत दिक्कत आती है यदि नियमित काम मजदूरों को मिल जाए तो मजदूरों का जीवन ढंग से चले ग्राम पंचायत पचेर के रहने वाले पवन कुमार कुशवाहा कहते हैं सरकार को हमारे लिए कुछ ऐसी योजनाऐ बनाकर व्यवस्था करनी चाहिए कि हमें उचित मजदूरी मिलसके साथही लगातार काम मिले काम न मिलने पर सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मजदूर लोग मजदूरी करने के लिए अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर जाकर बड़े नगरों में ठेकेदारों द्वारा घिसाई का काम व अन्य मजदूरी कार्य करते हैं ।

# बाल संप्रेक्षण गृह से भागे आठ बाल अपचारी, पुलिस अपचारी बालकों की तलाश में जुटी



मुरैना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नैनागढ़ रोड के पास बने बाल संप्रेक्षण गृह से एक बार फिर बाल अपचारी फरार हो गए। इस बार संप्रेक्षण गृह की दीवार फोड़कर आठ बाल अपचारी भागे हैं, जिसकी जानकारी लगते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार पौने पांच बजे के करीब जब बाल संप्रेक्षण गृह का सुरक्षाकर्मी पहुंचा तब उसने देखा, कि संप्रेक्षण गृह में मौजूद 12 में से तीन-चार बच्चे ही नजर आ रहे हैं। छानबीन की तो पता चला कि बाथरूम के पीछे की दीवार फोड़कर आठ बाल अपचारी भागे हैं। इनमें से चार हत्या के मामले में बंद थे। दो पर दुष्कर्म का केस चल रहा था। एक आबकारी एक्ट व एक रेलवे एक्ट में बंद थे। छानबीन में पता चला है कि बाल अपचारियों ने किसी लोहे की रोड से बाथरूम के पीछे की दीवार में एक से डेढ़ फीट चौड़ा छेद किया और उल्टी बाल्टी और फिर उसके ऊपर दो ईट रखने के बाद आठों बाल अपचारी भागे हैं।

# डेंगू जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है जुलाई महीना

## स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता कर रहे घर-घर सर्वे

**ललितपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माह जुलाई को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान आम जन-मानस को डेंगू रोग के सम्बन्ध में जागरूक किया जाएगा तथा कार्ययोजना के अनुसार बचाव व नियन्त्रण के कार्य किए जाएगे। यह कहना है प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह का। उन्होंने बताया कि इस माह में बारिश के कारण जगह-जगह पानी का जमाव हो जाता है और इससे डेंगू के लार्वा पनपने का खतरा बढ़ जाता है।

ऐसे में घर के अंदर व बाहर साफ-सफाई आवश्यक है। इस दौरान एहतियाती कदम उठाते हुए नाली एवं कीचड़ वाले स्थानों पर दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। साथ ही साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए जा रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी मुकेश जौहरी ने बताया कि डेंगू मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपता है और दिन में काटता है। डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ दस विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।

इस दौरान लोगों को पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छरदानी का इस्तेमाल करने, पानी की बाल्टियों व टंकियों को ढककर रखने, कूलर की नियमित सफाई करने, छत, बरामदों में पड़े पुराने टायरों, खाली डिब्बों में पानी इकट्ठा नहीं होने देने की सलाह दी जा रही है। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए चलाए गए अभियान में समुदाय की भागीदारी बढ़ाने का



प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत हर रविवार मच्छर पर वार के नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बुखार आने पर जांच कराकर अस्पताल से दवाई प्राप्त करें। सुबह -शाम खिड़की दरवाजे से मच्छर अंदर प्रवेश कर जाते हैं इस दौरान ध्यान रखें। वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक हरिश्चंद्र नामदेव ने बताया कि डेंगू के लार्वा को पनपने से रोकने के लिए लार्वानाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं की टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर लार्वा की जांच कर रही हैं।

### यह हैं लक्षण

लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, चकत्ते और मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द शामिल है। गंभीर मामलों में रक्तस्राव और सदमे की स्थिति हो सकती है, जो जानलेवा भी सिद्ध हो सकती है। आंखों का पिछला हिस्सा, जोड़, पीठ, पेट, मांसपेशी, हड्डियों आदि में दर्द, ठंड लगना, थकान, बुखार, भूख न लगना, उल्टी या मतली, त्वचा में चकत्ते या लाल धब्बे हो सकते हैं।

### डेंगू पर एक नजर

वर्ष 2019 में 65, वर्ष 2020 में 02, वर्ष 2021 में 112, वर्ष 2022 में 22 एवं वर्ष 2023 में अभी तक डेंगू केस शून्य है।



# पहली बार शाहिद कपूर का ऐसा हुलिया देख घबरा गए थे मीरा के पिता, फिर शादी के लिए रखी थी ऐसी शर्त




बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और मीरा राजपूत की जोड़ी इंडस्ट्री के क्यूट एंड एडोरेबल कपल्स में से एक है। मीरा के लिए शाहिद संग शादी करना किसी बड़े सपने को पूरा करने जैसा रहा है। जिस चॉकलेटी ब्वॉय के सपने एक वक्त हर लड़की देखती थी, उसने मीरा को अपने जीवन साथी के तौर पर चुना। मीरा और शाहिद के बीच उम्र का लंबा फासला है इसके बावजूद उन्होंने दुनिया की परवाह न करते हुए एक-दूसरे को जीवनसाथी के तौर पर चुना। मीरा राजपूत दिल्ली के एक बिजनेसमैन परिवार से हैं। मीरा पढ़ाई में काफी अच्छी थीं। आपको जानकार हैरानी होगी कि मीरा का नाम दिल्ली यूनिवर्सिटी कैट की परीक्षा में टॉप 10 की लिस्ट में शामिल था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने यूनाइटेड नेशन में इंटर्नशिप भी की थी, लेकिन फिर अचानक 21 साल की उम्र में शाहिद कपूर से शादी करके मीरा रातोंरात खबरों में आ गई थीं। मीरा राजपूत ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब पहली बार शाहिद कपूर उनके परिवार से मिलने दिल्ल पहुंचे थे। उस वक्त वह अपनी फिल्म 'उड़ता पंजाब' की शूटिंग कर रहे थे। ऐसे में उनका गेटअप फिल्म के अनुसार था। उनके बाल काफी लंबे थे। उन्होंने बालों में चोटी बनाई हुई थी। उनके शरीर पर कई सारे टैटू और फिल्म के किरदार के लिए टॉमी वाला लुक था। उनके जूते भी काफी अजीब थे। मीरा ने आगे बताया था कि जब उनके पिता ने दरवाजा खोला तब शाहिद का ऐसा अवतार देखकर वह घबरा गए थे। उनके मुंह से शाहिद को देखते ही निकला था 'हे भगवान! क्या मेरी बेटी तुमसे शादी करेगी?' इसके बाद मेरे पिता ने शाहिद के सामने एक शर्त रखी थी कि शादी से पहले उन्हें अपने बाल पहले की तरह ही कटवाने होंगे। इसके बाद मीरा और शाहिद करीब तीन या चार बार ही मिले होंगे और फिर उन्होंने शादी का फैसला कर लिया।

# चिरंजीवी से प्रभावित हुईं तमन्ना

**विजय** वर्मा के साथ अपने रिश्ते को छिपाने से लेकर लोगों के सामने कबूलने तक अभिनेत्री तमन्ना भाटिया पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। लेकिन इस समय सबसे ज्यादा चर्चा अगर किसी चीज की हो रही है तो वह उनके द्वारा 'लस्ट स्टोरीज 2' में दिए गए बोल्ड सीन्स की है। जब से अभिनेत्री चर्चा में आई हैं, तब से वह लगातार अपने जीवन को लेकर खुलासे कर रही हैं। जहां बीते दिनों तमन्ना ने बोल्ड सीन्स पर खुलासा किया था, वहीं अब अभिनेत्री ने दक्षिण भारतीय तमन्ना ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में साउथ एक्टर्स के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया और सेट पर महिला कलाकारों के प्रति उनके विचार शील स्वभाव की प्रशंसा भी की। हिंदी और दक्षिण भारतीय दोनों फिल्मों में काम करने के बाद तमन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि किस तरह से साउथ के अभिनेता अच्छी तरह से पले-बढ़े हैं और सम्मानजनक हैं। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे चिरंजीवी ने एक बार उनके ऊपर कॉन्फिडेंस दिखाते हुए कहा था कि वह भविष्य में एक स्टार बनेंगी। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपने कैरियर के शुरुआती दिनों के दौरान सुपरस्टार रजनीकांत के साथ काम करने के बाद मिले अनुभव का भी जिक्र किया।




तमन्ना भाटिया ने कहा, 'चिरंजीवी मेरे कैरियर के उन लोगों में से एक थे जिन्होंने मुझसे कहा कि तुम एक स्टार बनने जा रही हो। यह बात तब की है जब मैं राम चरण के साथ एक फिल्म में काम कर रही थी और मैंने तब तक कोई भी फिल्म नहीं की थी।' इस बारे में बात करते हुए कि सेट पर अभिनेता, अभिनेत्रियों का कितना ध्यान रखते हैं, तमन्ना ने ने कहा, 'मैंने चरण या यहां तक कि नागा चैतन्य, नागार्जुन सर के बेटे को देखा है। मुझे ऐसा लगता है कि उन सभी ने अपने लड़कों को बहुत ही शालीनता से पाला है। वे इतने अच्छे व्यवहार वाले, इतने सुसंस्कृत, इतने सम्मानित हैं। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि जिन कुछ लोगों के साथ मैंने वहां काम किया है, वे बहुत शिष्ट हैं।'



तमन्ना ने कहा कि रजनीकांत ने उनके साथ सिर्फ एक दिन काम करने के बाद ही उन्हें चौंका दिया था और एक किताब खरीद कर दे दी। उन्होंने कहा, 'रजनी सर ने वास्तव में मुझे चौंका दिया क्योंकि मैंने उनके साथ सिर्फ एक दिन काम किया था और उन्होंने मेरे बारे में सोचा और मेरे लिए एक किताब खरीदी। ऐसा नहीं है कि मैं उन्हें पहले से जानती हूं। मुझे एहसास हुआ कि ये सुपरस्टार ऐसे ही सुपरस्टार नहीं हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे वास्तव में इंसानों के साथ इंसानों जैसा व्यवहार कर रहे हैं।'
अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए तमन्ना भाटिया बोली, 'मुझे लगता है कि आज कल जेंडर पर बहुत ज्यादा जोर दिया जाता है, लेकिन हम एक-दूसरे के साथ इंसानों की तरह व्यवहार नहीं करते हैं, यहां तक कि हमारे क्रू में भी। मुझे यह सचमुच बहुत परेशान करता है, जब मैं देखती हूं कि लोग अपने कर्मचारियों के साथ भी ठीक से व्यवहार नहीं करते हैं।' तमन्ना भाटिया अगली बार रजनीकांत के साथ 'जेलर' में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार ने किया है। इसके साथ ही वह 'भोला शंकर' नामक आगामी फिल्म में चिरंजीवी के साथ भी मुख्य भूमिका निभाएंगी।

# खुशी का सबसे बोल्ड अंदाज

**बोनी** कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर सोशल मीडिया की पॉपुलर पर्सनालिटी हैं। वह अपने बॉलीवुड डेब्यू से पहले ही फैंस के बीच बोल्डनेस का तीर चला चुकी हैं। बड़ी बहन जाह्नवी कपूर की तरह ही खुशी के लुक्स भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल होते हैं। इसमें कोई दो राय की बात नहीं कि खुशी अपनी फिटनेस और ब्यूटी का खास ख्याल रखती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें से उनके बिकनी लुक ने सबसे ज्यादा फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। खुशी कपूर ने टोटल 6 तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें से कुछ उनकी सेल्फी तो कुछ उनके पेट डॉग की फोटो है। इन तस्वीरों में खुशी ने अपने कर्वी फिगर और ऐब्स को फ्लॉन्ट किया है, जो कि अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। उनकी फोटो सिर्फ फैंस को ही नहीं, बल्कि सिलेब्रिटीज द्वारा भी काफी पसंद की जा रही है। अपनी फोटो पर व्हाइट हार्ट इमोजी कैप्शन में देकर खुशी ने इन तस्वीरों को शेयर किया।




# सोनम ने की दमदार वापसी

**फिल्म में सोनम एक अंधे पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो एक सीरियल किलर का पता लगाने के मिशन पर है। सोनम कपूर की कमबैक फिल्म 'ब्लाइंड' में एक्टर का एक अलग अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में सोनम एक अंधे पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो एक सीरियल किलर का पता लगाने के मिशन पर है। शोम मखीजा द्वारा निर्देशित, 'ब्लाइंड' 2011 में इसी नाम की कोरियाई क्राइम थ्रिलर का हिंदी रीमेक है। इसमें पूरब कोहली, विनय पाठक, लिलेट दुबे और शुभम सराफ भी हैं।**



सोनम कपूर ने फील्ड ब्लाइंड के लिए बहुत मेहनत की हैं, शोम मखीजा ने उनकी मेहनत और तैयारी के बारे में बात करते हुए बताया कि- एक अंधे व्यक्ति की बारीकियों को बिल्कुल सही करने के लिए, सोनम और मैंने दो अंधों के ट्रेनर्स - जेम्स गोल्ड्सवर्थी और नादिया टर्नबुल से कांटेक्ट किया और उनके साथ फिल्म की स्क्रिप्ट शेयर की। अंधे होने के लिए खुद को कैसे ढालें इसको लेकर मेकर ने उनके साथ पूरी स्क्रिप्ट पर चर्चा की। हर एक सीन पर उनका एंगल



जाना ताकि करेक्टर रियलिस्टिक हो सके। उन्होंने आगे कहा कि शूटिंग पर, हर सीन से पहले, सोनम अपनी आंखें बंद करके रिहर्सल करती थीं ताकि यह बेहतर समझ सके कि एक अंधे व्यक्ति के रूप में उन दृश्यों को देखने पर कैसा महसूस होगा। इसके अलावा, हमने लेंस का उपयोग करने का फैसला किया। यह आसान नहीं था, और आरामदायक भी नहीं था। लेकिन सोनम इस हर सीन को बेहतरीन तरीके से शूट किया। यह फिल्म लंबे अंतराल के बाद सोनम की अभिनय की दुनिया में वापसी का साइन है। वह मैटरनिटी ब्रेक पर थीं। वह फिलहाल अपने पति आनंद आहूजा और बेटे वायु के साथ लंदन में छुट्टियां मना रही हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com